**Entrance Examination 2019**

**Ph.D. Hindi**

**Time: 2 Hours** **Maximum Marks: 70**

**Hall Ticket No./ प्रवेश-पत्र संख्या**------------------------------------

**Instructions/अनुदेश**

I) Write your Hall Ticket No. in the OMR Answer Sheet given to you. Also, write your Hall Ticket No. in the space provided above.

कृपया इस पृष्ठ पर तथा ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर अपनी प्रवेश-पत्र संख्या जरूर लिखें।

II) There is negative marking. Each wrong answer carries -0.33 mark.
गलत उत्तरों के लिए निगेटिव मार्किंग है। हर गलत उत्तर के लिए -0.33 अंक काटे जाएँगे।

III) Answers to be marked on the OMR answer sheet following the instructions provided there upon.
प्रश्नों के उत्तर, उत्तरपुस्तिका पर दिए गए निर्देशों के अनुसार ओ.एम.आर. शीट पर अंकित किए जाने चाहिए।

IV) Hand over the OMR answer sheet at the end of the examination to the Invigilator.
परीक्षा के अंत में अपनी ओ. एम. आर. शीट वीक्षक को सौंप दें।

V) No additional sheet will be provided. Rough work can be done in the question paper itself/ space provided at the end of the booklet.
रफ़-वर्क के लिए कोई अतिरिक्त कागज़ नहीं दिया जाएगा। इसे प्रश्न-पत्र पर या प्रश्न पत्र के अंत में दिए गए कागज पर ही करें।.

## PART – A

1. अकादमिक-शोध की निम्नलिखित गतिविधियों को एक तर्कसंगत क्रम में लगाइए-

   ( i ) सामग्री का प्रस्तुतीकरण।

   ( ii ) सामग्री का संशोधन और सुधार।

   ( iii ) सामग्री को तैयार करने की योजना।

   ( iv ) जिस काम के लिए सामग्री तैयार की गई है, उसका विश्लेषण।

   ( A ) ( iv ) ( iii ) ( ii ) ( i )

   ( B ) ( i ) ( ii ) ( iii ) ( iv )

   ( C ) ( iii ) ( i ) ( iv ) ( ii )

   ( D ) ( ii ) ( i ) ( iv ) ( iii )

2. शिक्षण को प्रभावी बनाने वाले कौशल हैं-

   i. विषयवस्तु पर पूरा अधिकार।

   ii. शिक्षण में आधुनिक तकनीकों का उपयोग।

   iii. विद्यार्थियों की जरूरतों की जानकारी।

   iv. आधुनिक शिक्षण-तकनीकों की जानकारी।

   ( A ) ii, iii, i

   ( B ) I, iii iv

   ( C ) iv, I, ii

   ( D ) iii, ii, iv

3. आधुनिक तकनीकों के उपयोग से शिक्षण कैसा हो जाता है?

   ( A ) नैतिकता केन्द्रित।

   ( B ) शिक्षक केन्द्रित।

   ( C ) विद्यार्थी और शिक्षक केन्द्रित।

   ( D ) विद्यार्थी केन्द्रित।

4. 'मूल्यांकन' के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है-

( A ) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों द्वारा मूल्यांकन।

( B ) अनवरत और बोधगम्य मूल्यांकन।

( C ) केवल मौखिक मूल्यांकन।

( D ) सत्र के अंत में मूल्यांकन।

5. एक अच्छा शोधकर्ता वह होता है जो-

( A ) कठिन परिश्रम करना जानता हो।

( B ) उत्तर-स्नातक की उपाधि रखता हो।

( C ) सोचने और तर्क करने की क्षमता रखता हो।

( D ) शोध-प्रविधि ठीक से पढ़ चुका हो।

6. विज्ञान, समाजविज्ञान और मानविकी में शोध प्रारम्भ करने के इच्छुक व्यक्ति को, क्रमानुसार, कौन-सी आवश्यक शर्तें पूरी करनी चाहिए?

( A ) प्रयोगशाला कौशल, अभिलेख, शोध-विषय, शोध-निर्देशक

( B ) पुरालेख, शोध-निर्देशक, शोध-विषय, सोचने की छूट।

( C.) शोध-विषय, शोध-निर्देशक, अच्छा स्वभाव, पूर्वनिर्धारित धारणा।

( D ) शोध-निर्देशक, शोध-विषय, गहन विश्लेषण, धैर्य।

7. शोध में *'वस्तुनिष्ठता'* का अर्थ है-

( A ) शोध-निष्कर्ष वास्तविकता के अनुरूप हैं।

( B ) शोध-निष्कर्ष सत्य के अनुरूप हैं।

( C ) शोध-प्रविधि ठीक से लागू की गई है।

( D ) कई शोध कर्ताओं के बीच सहमति है।

8. शोध से जुड़े प्रश्न कैसे होने चाहिए?

( A ) स्पष्ट, महत्वपूर्ण और परिकल्पनात्मक।

( B ) महत्वपूर्ण और नैतिक।

( C ) स्पष्ट, महत्वपूर्ण और नैतिक।

( D ) स्पष्ट और नैतिक।

9. निम्नलिखित शृंखला की संख्याएँ एक विशेष क्रम में रखी गई हैं। उस संख्या का पता लगाइए जो उस क्रम में ठीक नहीं बैठती?

10, 26, 74, 218, 654, 1946

( A ) 1946

( B ) 654

( C ) 218

( D ) 26

10. उस संख्या का पता लगाइए जो एक विशेष क्रम का उल्लंघन करती हो?

125, 127, 130 135, 142, 153, 165

( A ) 135

( B ) 127

( C ) 165

( D ) 142

11. अगले क्रम का पता लगाइए-

**C - 3, E - 6, G - 12, I - 24, K - 48, ?**

( A ) S - 48

( B ) L - 96

( C ) O - 48

( D ) M – 96

12. **यदि CERTAIN को कोड भाषा में XVIGZRM** लिखा जाए तो उसी कोड में **MUNDANE** को कैसे लिखा जाएगा?

( A ) **NFMWZMX**

( B ) **NFMWZMV**

( C ) **MIMXZMV**

( D ) **VMZWFNX**

13. यदि किसी विशेष कोड भाषा में

(a) 'पिट डार ना' का अर्थ है- 'तुम अच्छे हो'।

(b) 'डार टोक पा' का अर्थ है'- 'अच्छा और बुरा'।

(c) 'टिम ना टोक' का अर्थ है- वे बुरे हैं।

तो उस भाषा में 'वे' के लिए क्या कोड होगा?

( A ) ना

( B ) टोक

( C ) पिट

( D ) टिम

14. असंगत(odd) संख्या का पता लगाइए-

63, 23, 13, 53

( A ) 63

( B ) 53

( C ) 13

( D ) 23

15. यदि 'नाटक' का संबंध 'निर्देशक' से है तो 'पत्रिका' का संबंध किससे होगा?

( A ) पाठक

( B ) छपाईखाना

( C ) सम्पादक

( D ) कहानी

16. परेश अपने विद्यालय से 20 किलोमीटर उत्तर की ओर जाता है और वहाँ से दाहिनी ओर मुड़कर 30 किलोमीटर जाता है। वहाँ से वह फिर दाहिनी ओर मुड़ता है और 35 किलोमीटर जाता है। वहाँ से वह बाईं ओर मुड़ता है और 15 किलोमीटर जाता है। अंत में वह बाईं ओर मुड़कर 15 किलोमीटर जाता है। जिस स्थान पर वह इस समय पहुँचा है, वह स्थान उसके प्रस्थान बिंदु से कितनी दूर और किस दिशा में है?

( A ) 30 किलोमीटर पूर्व

( B ) 45 किलोमीटर पूर्व

( C ) 5 किलोमीटर पश्चिम

( D ) 30 किलोमीटर उत्तर

17. आलू का मूल्य पहले 20 प्रतिशत बढ़ाया जाता है और फिर 40 प्रतिशत। मूल्य बढ़ाने से पहले यदि आलू का मूल्य रु. 25.00 प्रति किलोग्राम था तो इस समय उसका मूल्य क्या होगा?

( A ) 25

( B ) 20

( C ) 42

( D ) 65

18. रमेश और सुरेश एक गंतव्य स्थान के लिए एक ही प्रस्थान बिंदु से, अपनी-अपनी कार से चलते हैं। रमेश 8 बजे चलना शुरू करता है और अपनी कार 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाता है। सुरेश 9 बजे चलता है और अपनी कार 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाता है। अगर उनका गंतव्य स्थान उनके प्रस्थान बिंदु से 350 किलोमीटर दूर है तो सुरेश के गंतव्य स्थान पर पहुँचने के समय, रमेश गंतव्य स्थान से कितने किलोमीटर दूर रहेगा?

( A ) 30

( B ) 50

( C ) 70

( D ) 20

19. माधव अपनी 610 किलोमीटर की एक यात्रा दो चरणों में, 9 घंटे में पूरी करता है। पहले चरण में उसकी गति 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रहती है और दूसरे चरण की 90 किलोमीटर प्रति घंटे की। पता लगाइए कि पहले चरण में वह कितनी दूरी तय करता है?

( A ) 170

( B ) 150

( C ) 140

( D ) 160

20. "सभी भारतीय कठिन परिश्रमी हैं। सभी पंजाबी भारतीय हैं। इसलिए सभी पंजाबी कठिन परिश्रमी हैं"।

यह तर्क है-

( A ) मिथ्या

( B ) मान्य।

( C ) सत्य।

( D ) अमान्य।

21. "भारत की बाजार में अधिकांश कारें मँहगी हैं"।

इसका अर्थ है कि-

( A ) भारत की बाजार में सस्ती कारें उपलब्ध नहीं हैं।

( B ) भारत की बाजार में कुछ सस्ती कारें उपलब्ध हैं।

( C ) भारत की बाजार में कुछ कारें मँहगी हैं।

( D ) ऊपर में से कोई नहीं।

22. कथन- "परीक्षा में सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हो गए। कुछ विद्यार्थी लड़कियाँ हैं"।

तर्क- i. कुछ लड़कों ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

ii. सभी लड़कियाँ परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गईं।

iii. कोई भी लड़का परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुआ।

iv. कोई भी लड़की परीक्षा में अनुत्तीर्ण नहीं हुई।

स्थापना- ( A ) केवल i, ii और iii लागू होते हैं।

( B ) केवल i और ii लागू होते हैं।

( C ) केवल ii और iii लागू होते हैं।

( D ) ऊपर में से कोई तर्क लागू नहीं होता।

23. कथन- "सरकार ने डाकघरों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली तार-सेवा को बंद करने का निर्णय लिया है"।

तर्क- 1. लोग उस सेवा का उपयोग नहीं कर रहे थे, इसलिए उसे बनाए रखना आर्थिक रूप से सम्भव नहीं था।

2. सरकार लोगों को सम्प्रेषण के वैकल्पिक साधनों को अपनाने के लिए बाध्य करना चाहती थी।

निष्कर्ष-

( A ) कथन में दोनों तर्क अन्तर्निहित नहीं हैं।

( B ) कथन में तर्क-2 अन्तर्निहित है।

( C ) कथन में तर्क-1 अन्तर्निहित है।

( D ) कथन में तर्क-1 और 2 दोनों अन्तर्निहित हैं।

निर्देश - नीचे दी गई सारिणी का अध्ययन करने के बाद प्रश्न संख्या 24 से 28 तक के उत्तर दीजिए। इस सारिणी में पाँच विद्यालयों के विद्यार्थियों के आँकड़े दिए गए हैं जो 2004 से लेकर 2005 तक परिषद की परीक्षा में बैठे हैं।

| वर्ष | विद्यालय A | विद्यालय B | विद्यालय C | विद्यालय D | विद्यालय E |
|---|---|---|---|---|---|
| 2004 | 650 | 760 | 820 | 800 | 780 |
| 2005 | 700 | 740 | 860 | 780 | 740 |
| 2006 | 800 | 820 | 940 | 750 | 730 |
| 2007 | 750 | 880 | 920 | 840 | 790 |
| 2008 | 850 | 840 | 900 | 860 | 770 |

24. 2004 में विद्यालय E से परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या, उस वर्ष सभी विद्यालयों से परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या के लगभग कितने प्रतिशत है?

( A ) 20 प्रतिशत

( B ) 25 प्रतिशत

( C ) 18 प्रतिशत

( D ) 16 प्रतिशत

25. दिए गए पाँच सालों में, विद्यालय B से परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या का औसत क्या है?

( A ) 818

( B ) 676

( C ) 787

( D ) 808

26. 2006 में विद्यालय A से परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या, उसी विद्यालय के सभी पाँच वर्षों में बैठे विद्यार्थियों की संख्या का कितने प्रतिशत है?

( A ) 21.33

( B ) 25.25

( C ) 22.45

( D ) 23.45

27. 2004 और 2005 में विद्यालय **C** और **D** विद्यालय से क्रमशः परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात क्या है?

( A ) 79 : 84

( B ) 89 : 84

( C ) 84 :79

( D ) 84 : 89

28. सभी विद्यालयों से 2007 में परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या का औसत क्या है?

( A ) 845

( B ) 836

( C ) 825

( D ) 863

29. ***http*** का फुल फ़ॉर्म क्या है?

( A ) हैवी ट्रान्सपोर्ट ट्रान्सफ़र प्रोटोकॉल।

( B ) हाइपर टर्मिनल ट्रान्सफ़र प्रोटोकॉल।

( C ) हाइपर टेक्स्ट ट्रान्सफ़र प्रोटोकॉल।

( D ) हाइएस्ट टेक्स्ट ट्रान्सफ़र प्रोटोकॉल।

30. 'ओज़ोन होल' के लिए जिम्मेदार प्रदूषक है-

( A ) एस ओ2 (SO2)

( B ) सी ओ (CO)

( C ) सी ओ2 (CO2)

( D ) सी एफ सी (CFC)

31. परम्परागत परमाणु रिएक्टर में किस ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है?

( A ) रेडियम

( B ) यूरेनियम

( C ) थोरियम

( D ) कैडमियम

32. 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' के प्रथम अध्यक्ष थे-

( A ) डॉक्टर शान्तिस्वरूप भटनागर

( B ) श्री सी. डी. देशमुख

( C ) डॉक्टर मनमोहन सिंह

( D ) श्री हुमायूँ कबीर

33. 'विक्रम साराभाई अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र' कहाँ स्थित है?

( A ) श्रीहरिकोटा

( B ) पुणे

( C ) मुम्बई

( D ) तिरुवनंतपुरम

34. भारत में तकनीकी विकास और दूरस्थ शिक्षा के प्रसार के लिए 26 जनवरी 2003 को कौन-सा सेटलाइट चैनल शुरू किया गया था?

( A ) एकलव्य

( B ) द्रोणाचार्य

( C ) ज्ञानदर्शन

( D ) ज्ञानवाणी

35. निम्नलिखित में से कौन-से महानुभाव 'भारतीय संविधान' की 'ड्राफ़्टिंग कमेटी' के सदस्य थे?

( A ) डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद

( B ) तेज बहादुर सप्रू

( C ) डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर

( D ) राजगोपालाचारी

## PART – B

36. न्यूमार्क के अनुसार 'अंतरक्रमिक अनुवाद' किस प्रकार का अनुवाद होता है?
    ( A ) छायानुवाद
    ( B ) भावानुवाद
    ( C ) शब्द-प्रतिशब्द-अनुवाद
    ( D ) सारानुवाद

37. "I ran across him in the exhibition today." का हिंदी में तात्पर्य है-
    ( A ) आज प्रदर्शिनी में एकाएक उससे मेरी मुलाकात हो गई।
    ( B ) आज प्रदर्शिनी में मैं उसकी ओर दौड़ने लगा।
    ( C ) आज प्रदर्शिनी में उसे देखकर मैं भाग गया।
    ( D ) आज प्रदर्शिनी में उसे देखते ही मैंने दौड़ना शुरू कर दिया।

38. भारत के 'राजपत्र' में पत्राचार के इन रूपों का प्रकाशन होता है-
    ( A ) कार्यालय आदेश और सामान्य आदेश।
    ( B ) सरकारी पत्र और अर्धसरकारी पत्र।
    ( C ) सूचना और परिपत्र।
    ( D ) अधिसूचना और संकल्प।

39. 'प्रयोजनमूलक हिंदी' की संकल्पना को सबसे पहले प्रचार में लाने वाले विद्वान का नाम है-
    ( A ) डॉ. रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव
    ( B ) मोटूरि सत्यनारायण
    ( C ) डॉ. शिवेन्द्र के. वर्मा
    ( D ) प्रो. कृष्णकुमार गोस्वामी

40. कौन हिंदी का स्वतंत्र 'स्वनिम' नहीं है?
    ( A ) ङ्
    ( B ) न्
    ( C ) ञ्
    ( D ) ण्

41. 'व्युत्पादक व्याकरण' के जनक हैं-

( A ) ब्लूमफील्ड

( B ) हेली डे

( C ) सस्यूर

( D ) नोम चोम्स्की

42. "व्यवहारवादी भाषाविज्ञानी भाषा को समाज का एक उत्पाद मानते हैं"।

( A ) यह कथन असत्य है।

( B ) यह कथन सत्य है।

( C ) यह कथन भ्रामक है।

( D ) ऊपर में से कोई नहीं।

43. "विभावादि संयोजनात्मकं वाक्यं काव्यम्" - किस आचार्य द्वारा प्रतिपादित काव्य-लक्षण है?

( A ) महिम भट्ट

( B ) आचार्य विश्वनाथ

( C ) राजशेखर

( D ) भोजराज

44. "गुणों की समता देखकर उपमान के साथ उपमेय का जो तादात्म्य निरूपित किया जाता है", उसे कहते हैं-

( A ) उपमा अलंकार

( B ) समासोक्ति अलंकार

( C ) रूपक अलंकार

( D ) उत्प्रेक्षा अलंकार

45. "बिनु पद चलै, सुनै बिनु काना।
कर बिनु करम, करै बिधि नाना"।। में अलंकार है-

( A ) समासोक्ति

( B ) विभावना

( C ) रूपक

( D ) स्वभावोक्ति

46. पुष्पदंत किस शताब्दी के कवि हैं?

( A ) बारहवीं शताब्दी

( B ) आठवीं शताब्दी

( C ) सातवीं शताब्दी

( D ) दसवीं शताब्दी

47. 'प्रबंध चिंतामणि' ग्रंथ किस भाषा में रचित है?

( A ) अपभ्रंश

( B ) हिंदी

( C ) संस्कृत

( D ) ब्रज भाषा

48. "उक्ति धर्म विशालस्य। राजनीति नवरसं।

खट भाषा पुराणं च। कुरानं कथितं मया"।। - यह उक्ति किस ग्रंथ के प्रारम्भ में दी गई है?

( A ) पृथ्वीराज रासो

( B ) आल्हखंड

( C ) बीसलदेव रासो

( D ) भविष्यत कहा

49. "सूरा सो पहिचानिवै लरै दीन के हेत।

पुरजा पुरजा कटि मरै कबहुँ न छाँड़े खेत"।। - ये काव्य पंक्तियाँ किनकी हैं?

( A ) जगदीशचंद्र

( B ) मुल्ला दाऊद

( C ) कबीर

( D ) मंझन

50. 'प्रतीति' appearance का बौद्धिक अन्वेषण इसके अंन्तर्गत होता है-

( A ) तार्किक भाववाद ( logical positivism)

( B ) फेनोमेनोलॉजी (phenomenology)

( C ) उपकरणवाद ( instrumentalism)

( D ) उपयोगितावाद ( pragmatism)

51. इनमें से कौन विद्वान 'साहित्य लहरी' को अप्रमाणिक रचना मानते हैं?
   ( A ) नन्ददुलारे बाजपेयी
   ( B ) मिश्रबंधु
   ( C ) आचार्य शुक्ल
   ( D ) ब्रजेश्वर वर्मा

52. "इन मुसलमान हरिजनन पर कोटिन हिंदू वारिए"। - यह कथन किनका है?
   ( A ) बदरी नारायण चौधरी प्रेमघन
   ( B ) बालमुकुंद गुप्त
   ( C ) भारतेंदु हरिश्चंद्र
   ( D ) प्रताप नारायण मिश्र

53. इस दार्शनिक ने साहित्य एवं नाटक को अपने अस्तित्ववादी विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया-
   ( A ) सोरेने कर्कगार्ड
   ( B ) कार्ल यास्पर्स
   ( C ) जाँ पाल सात्र
   ( D ) गैबियल मार्सल

54. 'मेरा-जुल-आशकीन' इनमें से किसमें लिखी गई है?
   ( A ) पद्य
   ( B ) गद्य
   ( C ) चंपू
   ( D ) ऊपर में से किसी में नहीं।

55. रीतिकाल को 'अलंकृत मध्यकाल' नाम किसने दिया है?
   ( A ) मिश्रबंधु
   ( B ) विश्नाथप्रसाद मिश्र
   ( C ) रामकुमार वर्मा
   ( D ) आचार्य शुक्ल

56. 'कविकुलकल्पतरु' के रचनाकार हैं-
   ( A ) रामचरित उपाध्याय
   ( B ) जसवंत सिंह
   ( C ) चिंतामणि

( D ) भिखारीदास

57. "डेल सो बनाय मेलत सभा के बीच।

लोगन कबित्त कीबो खेल कर जानो है"।। - ये काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की हैं?

( A ) ठाकुर

( B ) बोधा

( C ) सूदन

( D ) जोधराज

58. 'हरिश्चन्द्र मैगज़ीन' का प्रकाशन वर्ष है-

( A ) 1871

( B ) 1870

( C ) 1872

( D ) 1873

59. 'साहित्य जन-समूह के चित्त का विकास है' - निबंध के लेखक हैं-

( A ) महावीर प्रसाद द्विवेदी

( B ) बालकृष्ण भट्ट

( C ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

( D ) गुलेरी

60. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन कार्य किस वर्ष शुरू किया?

( A ) 1905

( B ) 1907

( C ) 1903

( D ) 1900

61. 'प्रलय की छाया' कविता के रचयिता हैं-

( A ) मुकुटधर पांडेय

( B ) पंत

( C ) निराला

( D ) प्रसाद

62. "मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति होती है। मनुष्यों की मुक्ति कर्मों के बंधन से छुटकारा पाना है और कविता की मुक्ति छंदों के शासन से अलग हो जाना..."। - यह स्थापना किस ग्रंथ की भूमिका में दी गई है?

( A ) अनामिका

( B ) परिमल

( C ) गीतिका

( D ) अर्चना

63. 'भारत भारती' का प्रकाशन वर्ष है-

( A ) 1913

( B ) 1900

( C ) 1914

( D ) 1920

64. "सब के सुख में सुखी रहेगा
सब के दुख में दुख मानेगा
समझ बूझ कर ही समता का
असली मुद्दा पहचानेगा"। - इन पंक्तियों के रचयिता हैं-

( A ) रामविलास शर्मा

( B ) नरेन्द्र शर्मा

( C ) नागार्जुन

( D ) त्रिलोचन

65. 'अकविता और कला संदर्भ' पुस्तक के लेखक हैं-

( A ) धूमिल

( B ) श्याम परमार

( C ) मलयज

( D ) काशीनाथ सिंह

66. इनमें से कौन 'दलित साहित्य' के आलोचक नहीं हैं?

( A ) धर्मवीर

( B ) कँवल भारती

( C ) तेज सिंह

( D ) शम्भुनाथ

67. 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' पुस्तक के रचयिता हैं-

( A ) अर्चना वर्मा

( B ) निर्मला जैन

( C ) कृष्णा सोबती

( D ) कृष्णा अग्निहोत्री

68. 'भारतीय साहित्य की समस्याएँ' - किनकी पुस्तक है?

( A ) ई. पी. चेलीशेव

( B ) रामविलास शर्मा

( C ) के. दामोदरन

( D ) डॉ. नगेन्द्र

69. 'उन्माद' उपन्यास के लेखक हैं-

( A ) ज़किया ज़ुबेरी

( B ) भगवानदास मोरवाल

( C ) भगवान सिंह

( D ) मैत्रेयी पुष्पा

70. 'आलोचक का स्वदेश' किसकी जीवनी है?

( A ) राजेन्द्र यादव

( B ) विजयदेव नारायण साही

( C ) विजय बहादुर सिंह

( D ) नन्ददुलारे बाजपेयी

University of Hyderabad



Entrance Examination – 2019

Department of Hindi

Ph.D. Hindi

| Q. No. | Answer | Q. No. | Answer | Q. No. | Answer |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C | 26 | A | 51 | D |
| 2. | A | 27 | C | 52 | C |
| 3. | D | 28 | B | 53 | C |
| 4. | B | 29 | C | 54 | B |
| 5. | C | 30 | D | 55 | A |
| 6. | C | 31 | B | 56 | C |
| 7. | A | 32 | A | 57 | A |
| 8. | A | 33 | D | 58 | D |
| 9. | B | 34 | A | 59 | B |
| 10. | C | 35 | C | 60 | C |
| 11. | D | 36 | C | 61 | D |
| 12. | B | 37 | A | 62 | B |
| 13. | D | 38 | D | 63 | A |
| 14. | A | 39 | B | 64 | C |
| 15. | C | 40 | C | 65 | B |
| 16. | B | 41 | D | 66 | D |
| 17. | C | 42 | B | 67 | C |
| 18. | A | 43 | A | 68 | A |
| 19. | D | 44 | C | 69 | C |
| 20. | B | 45 | B | 70 | D |
| 21. | B | 46 | D | | |
| 22. | D | 47 | C | | |
| 23. | C | 48 | A | | |
| 24. | A | 49 | C | | |
| 25. | D | 50 | B | | |

4/6/19

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग
Head, Department of Hindi
हैदराबाद विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF HYDERABAD
हैदराबाद / HYDERABAD-500 046.